015/DM/18

Register Number									

DEPARTMENTAL EXAMINATIONS

TRANSLATION TEST – SECOND PAPER – TRANSLATION OF NEWS PAPER REPORT IN HINDI TO ENGLISH

(Without Books)

Maximum Time : 2.30 hours Maximum Marks : 100

Answer any FIVE questions. **(5 × 20 = 100)**

Each question carries 20 marks.

Marks will be deducted for bad handwriting.

1. Translate in English. (20)

हम जानते हैं कि यह भूमि सूर्य के चारों तरफ घूमती है और चाँद भूमि के चारों तरफ। यह निश्चय किया जाता है कि कभी यह भूमि भी आग का एक गोला थी। अब यह ठंडी होती आ रही है। इसलिए हम इसके ऊपरी भाग में रह सकते हैं। मगर इस भूमि का भीतरी भाग अब भी गरम रहता है। आकाश में उत्तर दिशा में ध्रुव नक्षत्र है, जो सदा एक ही स्थान पर रहता है। इससे थोड़ी दूर बडे और टिम-टिमाते सात तारे रहते हैं, जिन्हें 'सप्त ऋषि' कहते हैं।

2. Translate any EIGHT of the following in English (20)

(a) यह मानी हुई बात है कि अच्छाई की अपेक्षा बुराई का अनुकरण लोग आसानी से करते हैं।

(b) रेगिस्तान की यात्रा के लिए उपयोगी होने के कारण ऊंट को रेगिस्तानी जहाज कहते हैं।

(c) रबर का दूध निकालने के लिए रबर के पेड़ के तने में एक छोटा सा छेद कर दिया जाता है।

[Turn over

(d) पहाड़ बादलों को रोककर पानी बरसाते हैं।

(e) मारने वाले से जिलानेवाला अच्छा है।

(f) जिसका मन सत्य का मंदिर है, उसका आचरण भी पवित्र होता है।

(g) पहाड़ी कौओं की रूप–रेखा कद आदि में मैदानी कौओं से काफी फरक दिखाई पड़ता है।

(h) दुनिया की चीज़ों के पीछे दौड़ने से मन की शांति जाती रहती है।

(i) हैदर अली ने अपने सैनिकों को यूरोपिय ढंग से सैनिक शिक्षा देने के लिए फ्रांसीसियों को नियुक्त किया।

(j) हवाई जहाज के आकाश से उतरने और जमीन से उड़ने के लिए बड़े खुले मैदान की आवश्यकता है।

3. Translate the Administrative phrases in English. (20)

(a) तदनुसार यह निश्चय किया गया है।

(b) मंजूरी दीजिए।

(c) यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए।

(d) पुनरीक्षित विवरण अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

(e) बेहतर है कि इस प्रस्ताव को मान लिया जाए।

(f) स्पष्टीकरण मांगा जाए।

(g) विधिवत सत्यपित।

(h) शीघ्र कार्रवाई करें।

(i) जांच की गयी और सही पाया गया।

(j) शीघ्र आदेशों की प्रार्थना है।

4. Translate the name of posts in English. (20)

लेखाकार, सलाहकार, रोकडिया, अध्यक्ष, आयुक्त, समनवयक, प्रधानलिपिक, निरीक्षक, अन्वेषक, अनुभाग प्रधान, टंकक, संयुक्त, निम्नश्रेणी, प्रतिवेदक, संपर्क अधिकारी, राजपत्रित अधिकारी, सीम शुक्ल अधिकारी, मंत्रिमंडल सचिव, खण्ड विकास अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी

5. Translate the name of the Ministries in English. (20)

(a) रासायनिक और उर्वरक मंत्रालय

(b) कृषि मंत्रालय, नागरिक उड्डयन – मंत्रालय

(c) वाणिज्य मंत्रालय

(d) संचार मंत्रालय

(e) सहकारिता मंत्रालय

(f) रक्षा मंत्रालय

(g) ऊर्जा मंत्रालय

(h) पर्यावरण और वन मंत्रालय

(i) विदेश मंत्रालय

(j) वित्त मंत्रालय

(k) खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्रालय

(l) विदेश व्यापार मंत्रालय

(m) स्वास्थ्य और समाज कल्याण मंत्रालय

(n) गृह मंत्रालय

(o) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(p) उद्योग मंत्रालय

(q) सूचना एवँ प्रसारण मंत्रालय

(r) श्रम मंत्रालय

(s) संसदीय कार्यमंत्रालय

(t) विद्युत मंत्रालय

6. अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए। (20)

यूरोप की सभ्यता, जो आजकल हमारे लिए प्रत्येक उन्नति की बातों में उदाहरण स्वरूप मानी जाती है, एक दिन या एक आदमी के काम का पसीना / परिणाम नहीं है। जब कई पीढ़ी तक देश का देश ऊँचे काम, ऊँचे विचार और ऊँची वासनाओं की ओर प्रबल-चित्त रहा तब वे इस अवस्था को पहुँचे हैं। वहाँ के हर एक संप्रदाय, जाति या वर्ण के लोग धैर्य के साथ धुन बाँध के बार-बार अपनी उन्नति में लगे हैं। नीचे से नीचे दर्जे के मनुष्य किसान, कुली, कारीगर आदि और ऊँचे से ऊँचे दर्जेवाले कवि, दार्शनिक, राजनीतिज्ञ सभी ने मिलकर जातीय उन्नति को इस सीमा तक पहुँचाया है। एक ने एक बात को आरंभ कर उसका ढांचा खड़ा कर दिया, दूसरे ने उसी ढांचे पर आरूढ रहकर दर्जा बढ़ाया, इसी तरह क्रम से क्रम कई पीढ़ी के उपरान्त वह बात जिसका केवल ढाँचा मात्र पड़ा था, पूर्णता और सिद्धि की अवस्था तक पहुँच गयी।